## कम्युनिटी सेवा और स्वयं सेवा

यह इस तरह के क्लब हैं या सेवा के अवसर है जो छात्रों को एक दूसरे की या स्कूल या समुदाय की मदद के लिए अवसर प्रदान करते हैं। इन क्लब और सेवाओं में निम्नलिखित शामिल हो सकते हैं:

- साथी सहायक;
- साथी ट्यूटर्स;
- साथी सलाहकार;
- पुस्तकालय मोनिटर ;
- बहुसांस्कृतिक क्लब;
- समलैंगिक / सीधे गठबंधन क्लब (अधिकतर हाई स्कूलों में);
-लंच मोनिटर (विशेष रूप से एलीमेंटरी स्कूलों में)

### मेरे बच्चे की रुचि के क्लब या गतिविधियाँ यदि स्कूल में उपलब्ध नहीं हैं तो?

आप स्कूल प्रशासन, विद्यार्थी समिति और/ या माता पिता सलाहकार कमेटी से मिल कर उन्हें बता सकते है कि आप स्कूल में एक विशेष क्लब या गतिविधि चाहते हैं । स्कूल तय करेगा कि यह संभव है या नहीं, इस गतिविधि का प्रायोजन करने के लिए कोई स्वयंसेवक उपलब्ध है; और स्कूल के छात्रों की इसमें पर्याप्त दिलचस्पी है या नहीं ।

## छात्र समिति (स्टूडेंट काउन्सिल)

सभी हाई स्कूलों और कई एलीमेंटरी और मध्य स्कूलों में किसी प्रकार की छात्र समिति होती है। एक छात्र समिति छात्रों का एक दल होता है जिसमें आमतौर पर प्रत्येक कक्षा स्तर से प्रतिनिधि शामिल होता है। एक शिक्षक की देखरेख में, स्टूडेंट काउन्सिल विशेष छात्र गतिविधियों की योजना तैयार करती है । इन में शामिल हो सकती हैं:

- सामाजिक गतिविधियाँ जेसै की नृत्य;
- स्कूल में विशेष दिवस जैसे 'अजीबोग़रीब टोपी पहनना';
- स्कूल और कम्युनिटी के लिए धन इकट्ठा करनें की गतिविधियाँ;
-कम्युनिटी की गतिविधियों के समर्थन के लिए कार्यक्रम।

**यह याद रखना ज़रूरी है इस प्रकार की सभी गतिविधियाँ स्कूल स्टाफ की स्वेच्छा से प्रदान की जाती हैं। यह उनके काम का हिस्सा नहीं हैं।**

प्राथमिक, मध्य और उच्च स्कूल , छात्रों के लिए गैर- अकादमिक गतिविधियाँ प्रदान करते हैं। लेकिन यह गतिविधियाँ हर स्कूल के लिए अलग अलग होंगी। अपने स्थानीय स्कूल में पूछें कि वे आपके बच्चों को कौन सी गतिविधियाँ प्रदान करते हैं।

VSB

**“Extracurricular Activities”**

[Hindi]

यह ब्रोशर वैनकूवर स्कूल बोर्ड के सैटलमेंट वर्कर्ज़ (VSB SWIS) द्वारा प्रायोजित किये गए कई ब्रोशरों में एक है। इसकी रचना कुछ ई.एस.एल. (ESL/ELL) शिक्षकों तथा वैनकूवर स्कूल बोर्ड के मल्टीकल्चरल लिएज़ों वर्कर्ज़ (VSB MCLW) ने की है।

Canada British Columbia WelcomeBC

यह ब्रोशर कनाडा और ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत की सरकार से धन के माध्यम से संभव बनाया गया है।

# गैर-अकादमिक गतिविधियाँ



## आम तौर पर पूछे जाने वाले प्रश्नों के उत्तर

## गैर-अकादमिक गतिविधियों का क्या अर्थ है?

गैर-अकादमिक गतिविधियों में छात्रों को स्कूल दिनचर्या के बाहर प्रदान की जाने वाली क्लब और अन्य गतिविधियाँ शामिल हैं ।

यह गतिविधियाँ :

- छात्रों की विशेष रुचियों को आगे बढ़ाने के लिए हैं।

-स्कूल के समय के पहले या बाद या दोपहर के भोजन के समय प्रदान होती हैं ।

- वयस्कों, आमतौर पर अध्यापकों, या अन्य स्कूल स्टाफ, की स्वेच्छा से प्रदान की गई निगरानी में होती हैं ।

## गैर-अकादमिक गतिविधियों का उद्देश्य क्या है?

यह गतिविधियाँ:

- छात्रों के हुनर अधिक विकसित करने में सहायक होती हैं;
- उनको दूसरे छात्रों से मिलने और नए मित्र बनाने का अवसर देती हैं; और
- स्कूल कम्युनिटी में शामिल होनें का एक अच्छा अवसर प्रदान करती हैं।

## गैर-अकादमिक गतिविधियों में भाग लेने से छात्रों को क्या लाभ हैं?

इन गतिविधियों से छात्रों को निम्न लाभ हैं :

-अंग्रेजी का अभ्यास करने का अवसर;
-कैनेडा की संस्कृति के बारे में और अधिक ज्ञान ;
-अन्य छात्रों को मिलना और नए दोस्त बनाने ;
-स्कूल कम्युनिटी का हिस्सा बनना;
-उनके विशेष रुचियों और कौशल का विकास ;
-नेतृत्व करने का अवसर ;
-एक टीम का हिस्सा हो कर काम करना ।

## किस प्रकार की गतिविधियाँ प्रदान की जाती हैं?

गतिविधियों में शामिल हो सकती हैं:

- दृश्य और प्रदर्शन कला -
- शैक्षिक चुनौतियाँ और / या प्रतियोगिताएँ;
- खेल
-कम्युनिटी सेवा और स्वयंसेवा के अवसर।



### दृश्य और कला प्रदर्शन

सभी स्तरों के स्कूलों द्वारा इस क्षेत्र में निम्नलिखित गतिविधियाँ प्रदान की जा सकती हैं:

- नाटक;
- कला;
- नृत्य;
- फिल्म;
- फोटोग्राफी;
- समूह गान (क्वायर);
- बैंड

### शैक्षिक क्रियाएँ

अक्सर इनमें ऐसे क्लब शामिल हैं जिन में निम्न क्रियाओं पर अधिक ध्यान दिया जाता है:

- शतरंज;
- रचनात्मक लेखन;
- विज्ञान;
- गणित चुनौतियाँ ;
- छात्र समाचार पत्र;
- पर्यावरण।

### खेल-कूद

पूरे वर्ष में लगातार अनेक प्रकार के खेल-कूद प्रदान किये जाते हैं। पतझड़, शरद और वसंत ऋतु की अलग-अलग खेल-कूद की टीमें होती हैं। वे आम तौर पर कुछ कक्षा स्तर के छात्रों के लिए होती है, और केवल लड़कों और केवल लड़कियों की टीमें, या लड़कों और लड़कियों की मिली-जुली टीमें भी हो सकती हैं। उच्च (हाई) स्कूलों में होने वाले खेल-कूद के प्रोग्राम प्राथमिक या मध्य स्कूलों की तुलना में ज्यादा विविधता रखते है।

इन प्रोग्रामों में शामिल हैं:

- बैडमिंटन;
- बास्केटबॉल;
- फुटबॉल;
- सॉफ्टबॉल;
- टेबल टेनिस;
- ट्रैक और फील्ड;
- वॉलीबॉल;
- कुश्ती ।

